मतदाता जागरूक नहीं होगा, तब तक एक ईमानदार और सुदृढ़ लोकतंत्रिक देश की

द्वारा किया गया।

# जनता कालेज में मनाया गया मतदाता दिवस

बकेवर (एसएनबी)। जनता कालेज बकेवर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलायी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.एमपी सिंह ने मतदाता शपथ दिलायी।

शपथ के बाद विद्यार्थियों व कॉलेज के शिक्षकों व कर्मचारियों ने मिलकर मतदाता जागरुकता रैली निकाली, जिसमें विद्यार्थियों ने मतदाता को जागरुक करने सम्बन्धी स्लोगन उम्र अठारह पूरी है तो मत देना जरुरी है, आओ मिलकर अलख जगाएं शत प्रतिशत मतदान कराएं, दारु, लालच रुपये नोट नही लेंगे और करेंगे मन का वोट व चुनाव आयोग का आह्वान सबको करना है । मतदान जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नलिनी शुक्ला ने रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने किया। कार्यक्रम में डॉ.एके पाण्डेय, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ.आनन्द सिंह, डॉ.अभिषेक प्रताप सिंह, डॉ. इन्दुबाला, डॉ.त्यार्थ मौर्य, डॉ.गोपी नाथ मौर्य, अजित अग्निहोत्री, डॉ.शैली यादव, सत्यभान सिंह, अमर सिंह, मुकेश कुमार सहित 120 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## यूपीयूएमएस में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया

सैफई। चिकित्सा विश्वविद्यालय सैफई के प्रशासकीय भवन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजकुमार ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सुरक्षित मतदान की शपथ दिलाई। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ ली। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डा.रमाकान्त यादव, संकायाध्यक्ष डा.आलोक कुमार तथा प्रशासन व लेखा शाखा के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजकुमार ने कहा कि इस बार राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'मतदाताओं को सशक्त, सचेत, सुरक्षित और जागरूक बनाना है। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी से राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुरूआत की गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुरूआत का मकसद ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं का सूची में नाम जोड़ना तथा मतदान के लिए प्रेरित करना है।

ा रोकथाम के लिए चंबल पुल पर

# समाज को सही दिशा दें शिक्षक



जनता कालेज में संगोष्ठी में मौजूद पदाधिकारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में शिक्षा की चुनौतियां एवं शिक्षक के दायित्व विषयक संगोष्ठी का आयोजन जनता कालेज में किया गया। मुख्य वक्ता महासंघ के सह संगठन मंत्री ओमपाल सिंह ने कहा कि शिक्षकों का स्थान समाज में आज भी सर्वोपरि है। शिक्षकों को आज भी समाज ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ मानता है। विगत वर्षों में लगातार समाज का पतन होता जा रहा है जिसको सही दिशा देने का कार्य भी शिक्षकों का है। उन्होंने विद्यालय के स्टाफ के साथ म्यूजियम, प्रयोगशालाओं व पुस्तकालय का भ्रमण कर यह बात कही। संगोष्ठी को जनता कॉलेज की प्राचार्य नलिनी शुक्ला ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया। इसके उपरांत महासंघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी व जिला महामंत्री के साथ सभी पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण, बैज अलंकरण, शॉल भेंटकर व प्रतीक चिह्न देकर स्वागत सम्मान किया। संगोष्ठी का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष देशदीपक तिवारी ने किया। (संवाद)

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जनता कॉलेज बकेवर में हुई संगोष्ठी



जनता कॉलेज में हुई संगोष्ठी में शामिल शिक्षकगण। संवाद

# छात्र भी सीख रहे हैं अचार, जेली बनाना

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कालेज बकेवर में छात्राओं के साथ छात्र भी अचार, जेली और सॉस आदि बनाना सीख रहे हैं। खाद्य एवं प्रसंस्करण विभाग कृषि विभाग के छात्र-छात्राओं को 15 दिवसीय प्रशिक्षण दे रहा है।

जनता कॉलेज बकेवर के बीएससी (कृषि) में प्रवेश लेकर छात्राएं अब पढ़ाई कर खेतीबाड़ी को अपना कैरियर बनाना चाह रहीं हैं। वहीं, कृषि के छात्र अब अचार, मुरब्बा, जैम व सॉस बनाना सीख रहे हैं। कालेज के कृषि के पंचम सेमेस्टर के 82 विद्यार्थी इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। उद्यान विभाग के प्रभारी डॉ. अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को जैम, जेली, सॉस और अचार बनाना सिखाया जाएगा। यह प्रशिक्षण प्रसंस्करण केंद्र के प्रभारी डॉ विनय प्रताप सिंह के निर्देशन में अरुण कुमार दे रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. एमपी यादव, डॉ. संजीव कुमार तथा प्रयोगशाला सहायक संदीप कुमार उपस्थित रहे।

**जनता कालेज बकेवर में खाद्य एवं प्रसंस्करण विभाग दे रहा है प्रशिक्षण**

**कृषि विभाग के छात्र-छात्राओं को मिल रहा 15 दिवसीय प्रशिक्षण**

...के सेंसर से लैस हैं। जैसे ही ... पर दिखने लगेगा। इसके साथ ही

# समाज को सही दिशा दें शिक्षक



संवाद न्यूज एजेंसी

जनता कालेज में संगोष्ठी में मौजूद पदाधिकारी। संवाद

बकेवर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में शिक्षा की चुनौतियां एवं शिक्षक के दायित्व विषयक संगोष्ठी का आयोजन जनता कालेज में किया गया। मुख्य वक्ता महासंघ के सह संगठन मंत्री ओमपाल सिंह ने कहा कि शिक्षकों का स्थान समाज में आज भी सर्वोपरि है। शिक्षकों को आज भी समाज ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ मानता है। विगत वर्षों में लगातार समाज का पतन होता जा रहा है जिसको सही दिशा देने का कार्य भी शिक्षकों का है। उन्होंने विद्यालय के स्टाफ के साथ म्यूजियम, प्रयोगशालाओं व पुस्तकालय का भ्रमण कर यह बात कही। संगोष्ठी को जनता कॉलेज की प्राचार्य नलिनी शुक्ला ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया। इसके उपरांत महासंघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी व जिला महामंत्री के साथ सभी पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण, बैज अलंकरण, शॉल भेंटकर व प्रतीक चिह्न देकर स्वागत सम्मान किया। संगोष्ठी का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष देशदीपक तिवारी ने किया। (संवाद)

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जनता कॉलेज बकेवर में हुई संगोष्ठी



जनता कॉलेज में हुई संगोष्ठी में शामिल शिक्षकगण। संवाद

# जागरूक मतदाता, कहलाता भाग्य विधाता

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने मतदान, योग के लिए किया प्रेरित

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्वयं सेवकों ने रविवार को ग्राम आमहार और बिजौली में योग, प्राणायाम कर लोगों को निरोग रहने का संदेश दिया। साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान के लिए जागरूक किया।



मतदाता जागरूकता रैली निकालते राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक। संवाद

कार्यक्रम में डॉ. गोपीनाथ मौर्या ने स्वयं सेवकों को बताया कि जाति, धर्म, क्षेत्रवाद को त्याग कर योग्य उम्मीदवार को चुनना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव ने कहा कि मतदान के समय सबसे ज्यादा युवा ही भ्रमित होते हैं। उन्हें मतदान करते समय राष्ट्र हित को आगे रखना चाहिए। आमहार गांव में सच्चे नागरिक की एक ही पहचान, सबसे पहले करें मतदान, लोकतंत्र का भाग्य विधाता, कहलाता जागरूक मतदाता जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में वैज्ञानिक डॉ. सोबरन सिंह ने कहा कि आप लोग राष्ट्र निर्माता हैं। आपको हमेशा राष्ट्र हित में सोचना चाहिए। इस दौरान सरनाम सिंह, प्रिंस, राज कुमार आदि रहे।

### प्रत्याशियों की जीत के लिए सक्रिय हों कार्यकर्ता

ऊदी। पंचायत चुनाव को लेकर रविवार को ऊदी मोड़ पर भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष अखिलेश शर्मा ने कहा कि पंचायत चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए कार्यकर्ता अभी से सक्रिय हो जाएं। बैठक में जिला प्रभारी रामलखन रावत, जिलाध्यक्ष अजय प्रताप धाकरे, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, राहुल राजपूत, संजू भदौरिया, विमल भदौरिया आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# 100 मीटर की दौड़ में कीर्ति अव्वल

## जनता कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



जनता इंटर कॉलेज बकेवर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी। संवाद



विजेताओं के साथ निर्णायक मंडल के सदस्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** जनता कॉलेज में बुधवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि एसडीएम नम्रता सिंह ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेलकूद जीवन के लिए बहुत आवश्यक हैं। छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के लिए भी समय निकालना चाहिए, जिससे उनका शारीरिक व बौद्धिक विकास हो सके। इस दौरान उन्होंने बॉल थ्रो प्रतियोगिता में भी हाथ आजमाए।

दो दिवसीय प्रतियोगिता के प्रथम दिन टीचर्स बॉल थ्रो में क्रीड़ा प्रभारी डॉ. ज्योति भदौरिया प्रथम, एसडीएम नम्रता सिंह द्वितीय व प्राचार्य डॉ. नलिनी शुक्ला तीसरे स्थान पर रहीं। 100 मीटर की छात्राओं की दौड़ में कीर्ति प्रथम, शिवानी द्वितीय और लता वर्मा तीसरे स्थान पर रहीं।

वहीं 200 मीटर की दौड़ में आस्था पोरवाल प्रथम, अंशिका द्वितीय और कृष्णा व लक्ष्मी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। गोला फेंक में छात्रा वर्ग में ज्योति प्रथम, गायत्री कुमारी द्वितीय और जानसी पाल तीसरे स्थान पर रहीं। छात्राओं की रिले रेस में रंजीत हाउस शीर्ष पर रहा, जिसमें आसम मंसूरी, भारती, सेनकी, जानसी पाल शामिल थीं। लंबी कूद में छात्र वर्ग से राधामोहन प्रथम, सूरज द्वितीय और विपिन कुमार तीसरे स्थान पर रहे। वहीं छात्रों की 400 मीटर की दौड़ में आयुष दीक्षित प्रथम, साहिल पाल द्वितीय और आमिर तीसरे स्थान पर रहे।

### स्लोगन प्रतियोगिता में निधि और सृष्टि अव्वल

**सैफई।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में बुधवार को मिशन शक्ति के तहत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में 68 लोगों ने हिस्सा लिया। इसमें निधि पाठक और सृष्टि मिश्रा अव्वल रहीं। वहीं दूसरे स्थान पर अर्शा अजहर व अर्शी हारून और तीसरे स्थान पर कीर्ति पांडे व मुस्कान शर्मा रहीं। इस अवसर पर मुख्य कोआर्डिनेटर डॉ. कीर्ति जायसवाल ने कहा कि स्लोगन प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं व बच्चों को खुद की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. एसके संत, डॉ. अमित कांत सिंह, डॉ. मोनिका श्रीवास्तव, डॉ. आरएस राजपूत, नेहा रस्तोगी आदि रहीं। (संवाद)

आयोजन

जनता कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

# फर्राटा दौड़ में कीर्ति ने मारी बाज़ी

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ एसडीएम नम्रता सिंह ने ध्वजारोहण व मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया। पहली प्रतियोगिता 100 मीटर दौड़ में बीएससी की छात्रा कीर्ति ने प्रथम व शिवानी ने द्वितीय, लता वर्मा ने स्थान प्राप्त किया।

200 मीटर छात्रा दौड़ में आस्था पोरवाल बीएससी प्रथम वर्ष बायो प्रथम स्थान पर, अंशिका बीएससी प्रथम बायो टेक्नोलॉजी द्वितीय स्थान पर तथा कृष्णा एवं लक्ष्मी तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से रहीं। गोला फेंक छात्रा में ज्योति प्रथम स्थान, गायत्री कुमारी द्वितीय, जानसी पाल तृतीय स्थान पर रही। छात्रा रिले रेस में रंजीत हाउस की छात्राएं प्रथम स्थान पर रहीं जिनमें आसम मंसूरी, भारती, सेनकी, जानसी पाल थीं। छात्रों की लंबी कूद प्रतियोगिता में राधामोहन बीएससी तृतीय वर्ष प्रथम स्थान पर, सूरज बीएससी द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान पर और विपिन कुमार बीएससी कृषि तृतीय



छात्रा कीर्ति को सम्मानित करतीं एसडीएम नम्रता सिंह● जागरण

सेमेस्टर तृतीय स्थान पर रहे। छात्रों की 400 मीटर दौड़ में आयुष दीक्षित बीएससी सप्तम सेमेस्टर प्रथम, साहिल पाल द्वितीय और आमिर बी. कॉम प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रहे।

आरंभ में कॉलेज के चारों हाउसों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। पूर्व चैंपियन छात्र राधा मोहन, पूर्व चैंपियन छात्रा कीर्ति द्वारा मशाल को लेकर पूरे मैदान का चक्कर लगाया गया। कालेज की क्रीड़ा प्रभारी डॉ. ज्योति भदौरिया ने एसडीएम का बैज अलंकरण व बुके भेंट कर स्वागत किया। डॉ. इंदु बाला मिश्रा ने माल्यार्पण किया। डॉ. अशोक कुमार पांडे ने विशिष्ट अतिथि डॉ. आशुतोष भट्टाचार्य का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. नलिनी शुक्ला ने प्रतीक चिह्न भेंट किया। संचालन अश्वनी मिश्रा ने किया।

# जनता कालेज में कोरोना बम फूटा, कई पॉजिटिव

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कॉलेज बकेवर में कोरोना बम फूटा। कॉलेज के चार प्राध्यापक व एक प्राध्यापक के दो बच्चे जांच में कोरोना पॉजिटिव निकले। सभी को घरों पर ही आइसोलेट किया गया है। कोरोना पॉजिटिव निकले सभी प्राध्यापक, पंचायत चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। कॉलेज परिसर में बने आवासों में ही रहते हैं। पूर्व में कोरोना पॉजिटिव निकले एक प्राध्यापक सैफई में भर्ती हैं उनके फेफड़ों में दिक्कत के चलते उन्हें सैफ़ई भर्ती कराया गया है।



जनता डिग्री कॉलेज में कोरोना बम फूट पड़ा है। कॉलेज में पढ़ाने वाले पांच प्राध्यापक अब तक कोरोना से संक्रमित निकल आए हैं। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. नलिनी शुक्ला से जानकारी करने पर उन्होंने बताया सोमवार को कॉलेज में प्राध्यापकों की कोरोना की जांच कराई गई थी। जिसमें कॉलेज के तीन प्राध्यापक कोरोना पॉजिटिव निकले हैं। इसके अलावा मंगलवार को कालेज को सैनिटाइजर कराने के लिए कॉलेज बंद रखा गया तथा मंगलवार को भी कुछ लोगों की जांच कराए जाने पर एक प्राध्यापक तथा दूसरे एक अन्य प्राध्यापक के दो बच्चे कोरोना पॉजिटिव निकल आए। सोमवार व मंगलवार को कोरोना पॉजिटिव निकले कॉलेज के चार प्राध्यापकों व दोनों बच्चों को स्वास्थ विभाग द्वारा होम आइसोलेट किया गया है। कॉलेज में अभी एमएससी माइक्रोबायोलॉजी के केवल परीक्षाएं चल रही हैं। जिसमें 3 छात्र-छात्राएं परीक्षार्थी हैं। बाकी छात्र-छात्राएं अभी कॉलेज नहीं आ रहे हैं। जनता कॉलेज बकेवर के एक अन्य प्राध्यापक करीब 8 दिन पूर्व रीजेंसी कानपुर अस्पताल में दिखाने जाने पर कोरोना संक्रमित निकल आए थे। उक्त प्राध्यापक औरैया के रहने वाले थे जिन्हें औरैया उनके आवास पर ही होम आईसोलेट किया गया था।

# केके महाविद्यालय के परीक्षार्थी बकेवर के कालेजों में देंगे परीक्षा

## संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा छह अगस्त को 15 केंद्रों पर होगी

जागरण संवाददाता, इटावा : प्रदेश के बीएड कालेजों में दाखिले के लिए छह अगस्त को होने वाली संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के केंद्रों की सूची से कर्मक्षेत्र महाविद्यालय को बाहर कर दिया गया है। यह कार्रवाई उपमुख्यमंत्री दिनेश चंद शर्मा के सोमवार को निर्देश के बाद की गई है। इसके स्थान पर जनता कालेज बकेवर व जनता इंटर कालेज बकेवर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। केके महाविद्यालय में दो केंद्र ए व बी थे, यहां पर 400-400 परीक्षार्थियों का सेंटर रखा गया था। लेकिन वार्षिक परीक्षाओं में केके महाविद्यालय में जिला प्रशासन के छापे के बाद नकल पकड़े जाने पर इसे दागी कालेजों की सूची में डाल दिया गया है। जिसके बाद छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय ने डिप्टी सीएम के आदेश के बाद इसे बीएड प्रवेश परीक्षा से बाहर कर दिया।

जिला विद्यालय निरीक्षक राजू राणा ने बताया कि मंगलवार को जिलाधिकारी श्रुति सिंह ने कालेजों के केंद्र व्यवस्थापकों को बुलाकर बैठक की और परीक्षाओं को सही ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। छह अगस्त को होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जनपद में 15 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 5045 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि उनके कार्यालय में एक कंट्रोल रूम भी बनाया जा रहा है। सभी परीक्षा केंद्र कंट्रोल रूम से जुड़ेंगे और एक परीक्षा प्रभारी की तैनाती की जाएगी। केके डिग्री कालेज नोडल केंद्र भी था जिसके स्थान पर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय को नोडल केंद्र बनाया गया है।

**नए एडमिट कार्ड डाउन लोड करें परीक्षार्थी :** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार यादव ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जिन परीक्षार्थियों का केंद्र कर्म क्षेत्र महाविद्यालय में था उनके प्रवेश पत्र लखनऊ विश्वविद्यालय ने बदल दिए हैं। नए प्रवेश पत्र परीक्षार्थी इंटरनेट से डाउन लोड कर सकते हैं। बताया कि कर्मक्षेत्र महाविद्यालय के प्रो. मनोज गुप्ता को छह अगस्त को परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बकेवर के लिए बस सुविधा देने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### अभी विद्यालयों में पांच दिन ही होगी पढ़ाई

जासं, इटावा : सरकार ने 16 अगस्त से माध्यमिक शिक्षा, सीबीएसई के स्कूलों को खोलने का फैसला किया है। कक्षाएं दो पालियों में संचालित होंगी। पहली पाली प्रातः आठ से 12 बजे तक व दूसंरी पाली दोपहर साढ़े 12 से साढ़े चार बजे तक संचालित की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक राजू राणा ने बताया कि अभी केवल सोमवार से शुक्रवार तक पांच दिन भौतिक रूप से पठन-पाठन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कक्षा नौ से 12 तक के सभी विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कक्षा नौ से 12 के 50 फीसद विद्यार्थियों को पहली पाली में शेष 50 फीसद विद्यार्थियों को दूसरी पाली में बुलाया जाएगा। विद्यार्थियों को समय से उनकी निर्धारित पाली के विषय में सूचना उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन विद्यालय खोले जाने से पूर्व, प्रत्येक पाली के उपरांत तथा सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को समस्त विद्यालय परिसर में सैनिटाइजेशन का कार्य सुनिश्चित किया जाएगा। विद्यालयों में हैंडवास, थर्मल स्क्रीनिंग, पल्स ऑक्सीमीटर व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# परीक्षा में अनुपस्थित रहे 204 परीक्षार्थी

इटावा| संवाददाता

छत्रपति शाहूजी महाराज कानपुर विश्वविद्यालय की बीए, बीएससी, बीकॉम द्वितीय व तृतीय वर्ष कि एक अगस्त को पर्यावरण अध्ययन की छूटी हुई परीक्षा गुरुवार को जिले के नोडल परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई।

दोपहर दो बजे से 3:30 बजे तक संपन्न हुई इस परीक्षा में के के महाविद्यालय में कुल 305 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे यहां के के महाविद्यालय के अलावा सिद्धार्थ महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस दौरान परीक्षा में कुल 155 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 150 परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए। प्राचार्य डॉ सुचित्रा वर्मा के अलावा केंद्र पर आंतरिक सचल दस्ते ने भी परीक्षा कक्ष में जाकर चेकिंग की।

वहीं चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फतेह बहादुर सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में सुघर सिंह इंस्टिट्यूट के अलावा शिवपाल सिंह डिग्री कॉलेज, एमएस कॉलेज महाविद्यालयों का केंद्र बनाया गया था जिनमें कुल 159 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 105 परीक्षा में उपस्थित हुए 54 अनुपस्थित रहे। एक अगस्त को होने वाली इस परीक्षा के समय मे हुए परिवर्तन को लेकर कुछ परीक्षार्थियों की परीक्षा छूट गई थी जिसके बाद यूनिवर्सिटी ने उन्हें एक और मौका देने का निर्णय लिया था। परीक्षा के आयोजन से पूर्व परीक्षा की तिथियों मे कई बार संशोधन भी करना पड़ा था। केके महाविद्यालय के अलावा चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हेवरा, जनता कॉलेज बकेवर को नोडल परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

कर सभा काशीराम आवास कॉलोनी वीरेन्द्र सिंह, सचिन, राजेश शामिल रहे। भज

# जनता कॉलेज को बनाया गया पीईटी परीक्षा का केंद्र

बकेवर | संवाददाता

जनता कॉलेज बकेवर को जनता विद्यालय इंटर कॉलेज को इस बार ?पेट? की परीक्षा केंद्र बनाया गया। पीईटी परीक्षा कराने वाली एजेंसी ने परीक्षा के लिए बकेवर के दोनों कालेजों का चयन किया। आधा घन्टा पहले मुख्य गेट बंद कर दिया जाएगा। बकेवर में गैर जनपद औरैया, कानपुर देहात जनपदों के परीक्षार्थियों का केंद्र हैं।

मंगलावर 24 अगस्त को होने वाली पेट की परीक्षा के लिए जनता डिग्री कॉलेज बकेवर व जनता विद्यालय इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जनता डिग्री कॉलेज बकेवर में दोनों पालियों में ८८० परीक्षार्थियों के लिए व जनता विद्यालय इंटर कॉलेज में ८०० परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसको लेकर कालेज प्रशासन अपनी तैयारी में जुटा है।रविवार को रक्षाबन्ध के त्योहार को लेकर कालेज अवकाश था।परन्तु सोमवार को कल्याण सिंह के निधन के चलते प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा के बाद भी सोमवार को प्रशासन की तरफ से केंद्र बनाए गए कॉलेजों को पेट परीक्षा को लेकर व्यवस्था को लेकर खुले रखने का सन्देश भेजा गया है। जनता डिग्री कॉलेज बकेवर की केंद्राध्यक्ष प्राचार्या डॉ नलिनी शुक्ला ने बताया कि कुल ८८० परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

# डिग्री कालेज के 65 शिक्षक आज किए जाएंगे सम्मानित

संवादसूत्र, बकेवर : शिक्षक दिवस के अवसर पर जनता डिग्री कालेज के 16 प्राध्यापकों, नित्यानन्द महाविद्यालय की एक प्राध्यापिका को सम्मानित किया जाएगा। पूरे जनपद में 65 प्राध्यापकों को व सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान कार्यक्रम राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटावा में आयोजित किया जाएगा।

शासन द्वारा प्रत्येक प्रदेश के सभी जनपद में 50 प्राध्यापकों व सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा। इसी के तहत इटावा जनपद में 65 प्राध्यापकों व रिटायर्ड प्राध्यापकों को सम्मानित किया जा रहा है। जनता कालेज के डा. अशोक कुमार पाण्डेय, डा. पीके राजपूत, डा. महिपाल सिंह, डा. ललित गुप्ता, डा. आदित्य कुमार, डा. ज्योति भदौरिया, डा. इंदुबाला मिश्रा, डा. संजय विश्कर्मा, डा. मनोज यादव, डा. नवीन अवस्थी, डा ब्रह्मानंद शर्मा, डा. एमपी यादव, डा. डीएन सिंह, डा. प्रकाश दुबे, डा. दिव्य ज्योति मिश्रा, डा. योगेश शुक्ला तथा नित्यानंद महाविद्यालय की अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका डा. आभा दीक्षित को सम्मानित किया जाएगा। राजकीय महिला महाविद्यालय के नौ, इंजीनियरिंग कालेज के तीन, केके कालेज के 15, चौ. चरण सिंह के 21 प्राध्यापकों सम्मानित होंगे।

# प्रवेश को पहुंचे छात्र, दिखी रौनक

## जनता डिग्री कालेज में प्रवेश प्रारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता डिग्री कॉलेज बकेवर में नए शिक्षण सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ हो गए। प्रवेश के पहले दिन ही सूची के अनुसार छात्र-छात्राएं काफी संख्या में पहुंचे।

स्कूल कॉलेजों में शिक्षण व्यवस्था शुरू होने के बाद रौनक लौटने लगी है। कॉलेज प्रशासन ने स्नातक प्रथम वर्ष के लिए एग्रीकल्चर, गणित, बायोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस, औद्योगिक रसायन, बायोटेक्नोलॉजी में प्रवेश के लिए मेरिट सूची और प्रतीक्षा सूची सोमवार को ही जारी कर दी थी। आठ सितंबर से कॉलेज में प्रवेश देने की सूचना जारी कर दी गई थी।

प्राचार्य डॉ. नलिनी शुक्ला ने बताया कि परीक्षाओं में प्रवेश के लिए प्रत्येक फैकल्टी की प्रवेश कमेटी बना दी गई है। छात्र-छात्राओं की प्रवेश फार्म और संबंधित प्रमाणित प्रपत्रों की जांच कर प्रवेश की अनुमति दे रही है। कॉलेज में स्नातक स्तर पर प्रथम वर्ष खे लिए 640 सीटें हैं। जिनमें 120 सीटें एग्रीकल्चर की हैं। सबसे अधिक आवेदन भी एग्रीकल्चर के लिए आ रहे हैं। 120 सीटों के सापेक्ष करीब 900 छात्र-छात्राओं ने यहां आवेदन किया है। 10 सितंबर को प्रवेश की अंतिम तिथि है।

## स्नातक कक्षाओं में प्रवेश 10 सितंबर तक होंगे



जनता डिग्री कालेज बकेवर में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे छात्र। संवाद

# वानिकी विषय पर लिखी हिंदी और अंग्रेजी में पुस्तक

संवाद न्यूज एजेंसी



डॉ पी के राजपूत

बकेवर। जनता कालेज बकेवर के प्राध्यापक डॉ. पीके राजपूत ने स्नातक स्तर पर सभी विषयों के छात्र-छात्राओं के शिक्षण के लिए वानिकी विषय पर हिंदी और अंग्रेजी में पुस्तक लिखी है। इस पुस्तक को लिखने में करीब डेढ़ साल का समय लगा।

कॉन्सेप्ट आफ फॉरेस्ट्री - वानिकी की अवधारणा द्विभाषीय पुस्तक कल्याणी पब्लिशर्स नई दिल्ली से प्रकाशित की गई है। जनता कालेज बकेवर मृदा संरक्षण विभाग के अध्यक्ष सह प्राध्यापक डॉ. पीके राजपूत, स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय राठ (हमीरपुर) के सहायक प्राध्यापक डॉ. गोविंद राजपूत ने संयुक्त रूप से इसे लिखा है।

कालेज की प्राचार्या डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. एके पांडेय, डॉ. एमपी यादव, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय कुमार विश्वकर्मा व डॉ. मनोज यादव ने बधाई दी।

# छात्राएं तरक्की की राह पकड़ें : गीता शाक्य

## बोलीं सांसद, नारी सशक्तिकरण है प्रासंगिक, जनता कॉलेज बकेवर में गोष्ठी का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में मिशन शक्ति के तृतीय चरण में महिला सशक्तिकरण के तहत महाविद्यालय की छात्राओं को जागरूक किया गया। राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने सभी छात्राओं को एक प्रधान से सांसद बनने तक के संघर्ष के विषय में अपने अनुभवों को साझा किया।

शुक्रवार को जनता कालेज में आयोजित मिशन शक्ति फेस तीन के कार्यक्रम में सांसद गीता शाक्य ने कहा कि बेटियां इस देश का भविष्य हैं। नारी सशक्तिकरण की प्रासंगिकता को बताते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. पद्मा त्रिपाठी ने मिशन शक्ति के तहत टोल फ्री नंबर 181, 112, 1090, 1098, 1076 के विषय में छात्राओं को जागरूक किया। समय [illegible]ने पर इन नंबरों का किस तरह से प्रयोग करें इसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मिशन शक्ति सम्मान से पुरस्कृत उर्वशी दीक्षित, सुप्रिया मिश्रा ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंध समिति के सचिव अरविंद मिश्रा ने विद्यालय की स्वस्थ परंपराओं के विषय में छात्राओं को बताया। उन्होंने विद्यालय की. छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह आगे बढ़े और मिशन शक्ति की मिसाल बने।

जनता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश त्रिपाठी ने छात्राओं को कहा कि प्राप्त जानकारी को और अधिक बालिकाओं तक भी पहुंचाएं। छात्रा विधी चौहान ने कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. इंदु बाला मिश्रा, डॉ. मीनू त्रिपाठी, डॉ. रत्ना मिश्रा, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. डीजे मिश्रा, अर्चना चौधरी, मंजू यादव, कुलदीप अवस्थी, पवन सक्सेना, डॉ. प्रीती पांडेय, नूतन सिंह मौजूद रहे। मिशन शक्ति कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा सांसद राज्यसभा गीता शाक्य के साथ कार्यक्रम के मौजूद दोनों विद्यालय की छात्राओं में फोटो खिंचवाने और सेल्फी लेने की होड़ रही। सांसद गीता शाक्य ने भी छात्राओं को निराश नहीं किया और छात्राओं के साथ फोटो खिंचवाई।



जनता कालेज बकेवर में राज्यसभा सांसद गीता शाक्य के साथ सेल्फी लेती छात्राएं। संवाद

## गरीब छात्राओं की फीस जमा करती हैं गिरिजा



प्रधानाचार्य गिरिजा शुक्ला।

बकेवर। कई गरीब छात्राओं की फीस अपने वेतन से जमा कर छात्राओं को शिक्षित होने के प्रेरित कर रही केआर गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्य गिरिजा शुक्ला। लखना स्थित केआर गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य गिरिजा शुक्ला पढ़ने वाली कई गरीब छात्राओं की स्कूल की फीस अपने वेतन से जमा कर बेटियों को शिक्षित बना रही हैं। वह कार्य को बिना किसी को बताए और कई साल से करती आ रही हैं। उनका कहना है कि जो छात्राएं फीस के पैसे न होने से स्कूल नहीं आतीं, शिक्षक व कर्मचारियों को भेजकर स्कूल बुलाती हैं। ऐसे में जो छात्राएं माता-पिता के पास फीस के पैसे नहीं होने की बात बताती तो उनकी फीसअपने पास से जमा कर देती है। आठ से 10 ऐसी गरीब छात्राओं की फीस वे वेतन से जमा करती हैं। कहा कि बेटियों को शिक्षित करने के प्रति हमेशा से ही जागरूक रही हैं। (संवाद)

# बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

# छात्राओं को शिक्षित बनाने पर दिया जोर

बकेवर | संवाददाता

जनता कॉलेज बकेवर में मिशन शक्ति के तृतीय चरण में महिला सशक्तिकरण के तहत महाविद्यालय की छात्राओं को जागरुक किया गया। राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने छात्राओं को एक प्रधान से सांसद बनने तक के संघर्ष के विषय में अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही सभी छात्राओं को शिक्षा और नारी सशक्तिकरण की प्रासंगिकता को बताते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम संयोजिका डा. पदमा त्रिपाठी ने मिशन शक्ति के तहत टोल फ्री नंबर 181,112,1090, 1076 के विषय में छात्राओं को जागरूक किया और समय आने पर इन नंबरों का किस तरह से प्रयोग करें इसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिक्षा पर जोर देते हुये कहा कि शिक्षित होकर ही सशक्त व स्वावलंबी बन सकती हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि उर्वशी दीक्षित ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति सम्मान से पुरस्कृत तथा पूर्व खण्ड विकास अधिकारी सुप्रिया मिश्रा ने भी छात्राओं को आगे बढ़ने और नारी सशक्तिकरण के बारे में विस्तार पूर्वक अपने विचारों के माध्यम से जानकारी दी और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। मिशन शक्ति की कार्यक्रम अध्यक्षता करते हुए प्रबंध तंत्र के मंत्री अरविंद मिश्रा ने विद्यालय की स्वस्थ परंपराओं के विषय में छात्राओं को बताया। पूर्व प्राचार्य डा. नलिनी शुक्ला, डा. ज्योति भदौरिया, डा. इंदु बाला, डा.मीनू त्रिपाठी आदि समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



सांसद गीता शाक्य को सम्मानित करतीं संयोजिका डा.पदमा त्रिपाठी, मौजूद प्राचार्य डा.राजेश त्रिपाठी। ● हिन्दुस्तान



मिशन शक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं सांसद गीता शाक्य • जागरण

# मिशन शक्ति की मिसाल बनें छात्राएं

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कालेज में मिशन शक्ति के तृतीय चरण में महिला सशक्तिकरण के तहत महाविद्यालय की छात्राओं को जागरुक किया गया। वक्ताओं ने छात्राओं से कहा कि वे मिशन शक्ति की मिसाल बनें। राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य ने छात्राओं से एक प्रधान से सांसद बनने तक के संघर्ष के अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम संयोजक डा. पद्मा त्रिपाठी ने छात्राओं को हेल्प लाइन की जानकारी दी। उर्वशी दीक्षित, पूर्व बीडीओ सुप्रिया मिश्रा, प्रबंध सचिव अरविंद मिश्रा, प्राचार्य डा. राजेश त्रिपाठी ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे आगे बढ़े और मिशन शक्ति की मिसाल बनें। जनता विद्यालय इंटर कालेज की छात्रा विधि चौहान ने कविता प्रस्तुत की। सांसद गीता शाक्य व विशिष्ट अतिथियों को शाल ओढ़ाकर व प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। छात्राओं में सांसद के साथ सेल्फी लेने की होड़ रही।

# युवाओं का उत्साहवर्धन किया

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बोले, इटावा के लोग बहुत अच्छे और प्यारे हैं

### एमएलसी का भाजयुमो ने किया भव्य स्वागत

संवाद न्यूज एजेंसी

इटावा/बकेवर। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी अरविंद कुमार शर्मा का भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इन्होंने नेविल रोड पर स्थित भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय चौधरी के आवास पर पहुंचकर युवाओं का उत्साह बढ़ाया। कहा कि इटावा आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। इटावा धर्मप्रेमियों एवं कर्मयोगियों की भूमि है। जिसका अपना एक गौरवमयी इतिहास है।

कहा कि इटावा के लोग उन्हें बहुत अच्छे व प्यारे लगे। शर्मा का ढोल-नगाड़ों एवं आतिशबाजी के साथ उन्हें माल्यार्पण और पुष्प वर्षा कर भाजयुमो जिलाध्यक्ष विवेक चौधरी संजू, मृत्युंजय चौधरी, कुशल चौधरी, इकदिल नगर पंचायत अध्यक्ष सौरभ दीक्षित, मुकेश चौधरी, कमलेश शर्मा,



एमएलसी अरविंद कुमार शर्मा का स्वागत करते भाजयुमो कार्यकर्ता। संवाद

माधवेंद्र शर्मा, विमलेश त्रिपाठी, राजेश त्रिपाठी, गिरधर दीक्षित, देवांश श्रीवास्तव, सौरभ शर्मा आदि ने उनका भव्य स्वागत किया। उधर, बकेवर में जनता कॉलेज में एमएलसी ने अब्दुल कलाम संग्रहालय का निरीक्षण किया।

कॉलेज प्रबंध सचिव अरविंद मिश्रा, प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से बने विज्ञान संग्रहालय का भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान संग्रहालय में रखी चीजों के बारे में डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. प्रकाश दुबे ने जानकारी दी।

इस मौके पर चेयरमैन विनोद दोहरे, कॉलेज के उद्यान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एके पांडेय, डॉ. पीके राजपूत, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. डीजे मिश्रा, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. इंदुबाला मिश्रा, डॉ. नवीन अवस्थी, डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा, भाजपा महामंत्री शिवाकांत चौधरी, गोविंद चौधरी, अक्षित पाठक आदि ने स्वागत किया।

# किसानों की समस्याएं निस्तारित कीं

संवाद न्यूज एजेंसी

## जनता कालेज में आयोजित हुई कृषक-छात्र संगोष्ठी

बकेवर। जनता कॉलेज में बुधवार को कृषक छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि उद्योग से जुड़ी कंपनियां ने अपनी उद्योग की प्रगति और अपने-अपने प्रोडक्ट को किसानों के बीच रखते हुए किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया।

मुख्य अतिथि व प्रबंध समिति के सचिव अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कृषि की वैज्ञानिक तकनीकी को किसानों तक अवश्य पहुंचना चाहिए, जिससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो। बताया कालेज में बीएससी, एमएससी कृषि की शिक्षा दी जाती है। ये विद्यार्थी भी इन उद्योगपतियों से कुछ सीख कर स्वरोजगार के प्रति जागरूक हों, जिससे सभी को रोजगार मिले और सभी की उन्नति हो। कहा महाविद्यालय के कृषि विभाग के सभी प्राध्यापकों को इस कार्य में जुटना चाहिए, जिससे ज्ञान का आदान-प्रदान न केवल विद्यार्थियों के बीच रहे, बल्कि कृषकों तक भी पहुंचे।

कहा कि फसल चक्र को अपनाना, खाद उर्वरकों का प्रयोग, कीटनाशक का प्रयोग आदि वैज्ञानिक कृषि के तरीके हैं। विभिन्न प्रकार के रसायन के प्रयोग से मृदा में जो परिवर्तन आ रहे हैं, उन्हें समझ सकते हैं। प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य कृषि से जुड़े छात्रों में स्वरोजगार के प्रति जागरूकता लाना तथा आत्मनिर्भरता उत्पन्न करना। प्रोफेसर डॉ. एमपी यादव, डॉ. एके पांडे, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. पीके राजपूत, डॉ. एमपी सिंह तथा डॉ. दिव्य ज्योति मिश्रा ने अपने-अपने विभाग से संबंधित जानकारियों को किसानों के बीच रखी। प्रोफेसर वैज्ञानिकों ने किसानों की समस्याओं को सुना और उन सभी समस्याओं के निराकरण कर उचित समाधान दिया।



जनता कालेज बकेवर में संगोष्ठी में मौजूद प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी (बाएं से चौथे) • जागरण

# छात्रों में स्वरोजगार के प्रति बढ़ाई जागरूकता

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कालेज में कृषक छात्र वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य कृषि से जुड़े हुए छात्रों में स्वरोजगार के प्रति जागरूकता तथा आत्मनिर्भरता उत्पन्न करना है। इसमें कृषि उद्योग से जुड़ी हुई कंपनियां सहभागिता कर रही हैं।

वलसाड इंडिया बंगलुरू, सोना ऑर्गेनिक अर्थ के प्रबंध निदेशक ने अपनी उद्योग की प्रगति और अपने अपने प्रोडक्ट को किसानों के बीच रखा तथा किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया। प्रोफेसर डाक्टर एसपी यादव, डा. एके पांडेय, डा. डीएन सिंह सहित अन्य कई ने अपने-अपने विभाग से संबंधित जानकारियां किसानों को देते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर उचित समाधान बताया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंध समिति के सचिव अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि कृषि की वैज्ञानिक तकनीकी को किसानों तक अवश्य पहुंचना चाहिए जिससे कि किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो। बीएससी, एमएससी कृषि की शिक्षा दी जाती है ये विद्यार्थी भी इन उद्योगपतियों से प्रेरणा लेकर स्वरोजगार के प्रति जागरूक हो जिससे सभी को रोजगार मिले और सभी की उन्नति हो। महाविद्यालय के कृषि विभाग के सभी प्राध्यापकों को इस कार्य में जुटना चाहिए जिससे कि ज्ञान का आदान-प्रदान न केवल विद्यार्थियों के बीच रहे बल्कि कृषकों तक भी पहुंचे।

# गुलिस्तां नाज को मिलेगा कुलाधिपति स्वर्ण पदक

## सीएसजेएमयू में 18 दिसंबर को होगा दीक्षांत समारोह का आयोजन, 97.2 फीसदी अंक पाकर गुलिस्तां ने किया टॉप

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के 18 दिसंबर को होने वाले दीक्षांत समारोह में हलीम मुस्लिम पीजी कॉलेज की एमए उर्दू की छात्रा गुलिस्तां नाज को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही गुलिस्तां को दो कुलाधिपति रजत पदक, कुलपति स्वर्ण पदक समेत पांच स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। हालांकि विवि ने अभी 26 नवंबर तक आपत्तियां मांगी हैं। गुलिस्तां ने 97.2 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं।

सीएसजेएमयू प्रशासन ने दीक्षांत समारोह में दिए जाने वाले पदकों की सूची को वेबसाइट पर जारी कर दिया है। सूची के अनुसार एक कुलाधिपति स्वर्ण पदक, दो कुलाधिपति रजत पदक, 15 कुलाधिपति कांस्य पदक, दस कुलपति स्वर्ण पदक और 52 प्रायोजित स्वर्ण पदक से मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि अभ्यर्थी पदकों की सूची देख सकते हैं। अगर किसी तरह की कोई आपत्ति हो तो वे 26 नवंबर तक विवि को सौंप सकते हैं। इसके बाद कोई सुनवाई नहीं होगी।

### इंटरव्यू खत्म, थ्योरी के अधिकतम अंक से मिलेगा स्वर्ण पदक

सीएसजेएमयू के दीक्षांत में पहली बार बिना साक्षात्कार के कुलाधिपति स्वर्ण पदक व कुलाधिपति रजत पदक दिया जाएगा। विवि ने पिछली कार्य परिषद में यह बदलाव किया था। अभी तक कुलपति स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को साक्षात्कार के लिए मौका दिया जाता था। इसके बाद कुलाधिपति स्वर्ण पदक व कुलाधिपति रजत पदक विजेता का नाम तय होता था। मगर इस वर्ष थ्योरी में अधिकतम अंक लाने वाले छात्र को कुलाधिपति स्वर्ण पदक के लिए चयनित किया गया है।

### इनको मिलेगा पदक, कुलाधिपति कांस्य पदक

रजनी (श्री सागर सिंह सोमवती महाविद्यालय फर्रुखाबाद), लक्ष्मी (श्री सागर सिंह सोमवती महाविद्यालय फर्रुखाबाद), प्रवीण सिंह (प्रकाश महाविद्यालय हरदोई), इशिका सिंह (डीजी कॉलेज), सतेंद्र कुमार सिंह (श्री सागर सिंह सोमवती महाविद्यालय फर्रुखाबाद), सायना बानो (श्री सागर सिंह सोमवती महाविद्यालय फर्रुखाबाद), सक्षम भाटिया (बीएनडी कॉलेज), खुशवेंद्र सिंह (नेहरू पीजी कॉलेज छिबरामऊ कन्नौज), तेजस्विनी दीक्षित (क्राइस्ट चर्च कॉलेज), शिवांगी सक्सेना (दीनदयाल उपाध्याय पीजी कॉलेज सीतापुर), हर्षित कुमार (जनता कॉलेज, इटावा), नरविजय सिंह (स्मृति महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी), शिवजी मिश्रा (सीएसजेएमयू कैंपस), सानिया खान (सीएसजेएमयू कैंपस), पूर्णिमा शुक्ला (सीएसजेएमयू कैंपस), आकांक्षा सिंह (पीपीएन कॉलेज), सिद्धार्थ द्विवेदी (डॉ. राम मनोहर लोहिया कॉलेज, कानपुर), अनुष्का वर्मा (सीएसजेएमयू कैंपस), अमन कुमार (डॉ. राजेश सिंह महाविद्यालय, इटावा), आयुशी सिंह (रघुराजा रामगोपाल महिला महाविद्यालय, उन्नाव), ब्रह्म कुमार दुबे (कारगिल शहीद महाविद्यालय इटावा) और सूरज कुमार (कारगिल शहीद महाविद्यालय इटावा)।

### कुलपति स्वर्ण पदक

गुलिस्तां नाज (हलीम मुस्लिम पीजी कॉलेज), सक्षम भाटिया (बीएनडी कॉलेज), तेजस्विनी दीक्षित (क्राइस्ट चर्च कॉलेज), शिवजी मिश्रा (सीएसजेएमयू कैंपस), सानिया खान (सीएसजेएमयू कैंपस), साक्षी त्रिपाठी (जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज), पूर्णिमा शुक्ला (सीएसजेएमयू कैंपस), दीपिका पाठक (सीएसजेएमयू कैंपस), ब्रह्म कुमार दुबे (कारगिल शहीद महाविद्यालय इटावा)।

दीपक ने जीता बॉडी बिल्डर का खिताब



जनता कॉलेज बकेवर में पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। संवाद

# पोस्टरों से दिया पराली प्रबंधन का संदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर में शनिवार को फसल अवशेष और पराली प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर में कीर्ति प्रथम, रति दीक्षित द्वितीय और पुष्पांजलि तृतीय रहीं।निबंध प्रतियोगिता में अविनाश तिवारी प्रथम, वर्षा द्वितीय और कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सूरज कुमार प्रथम, हर्ष शर्मा द्वितीय और धर्मेंद्र पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्रों को कालेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने शुभकामनाएं दी। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. विजंय बहादुर जायसवाल, डॉ. एमके सिंह, डॉ. एमपी यादव, डॉ. एके पांडे, ब्रह्मानंद, डॉ. मनोज यादव, डॉ. डीजे मिश्रा, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

IT DEVELOPMENT AGE
Department Governme
Park, Sahastradhara Road, D
Tender Notice No.13/ITDA/efile/2
Request for Proposal (RFP) for Selec
RFP (Request for Proposal) is being iss
proposal from firms for Selection of System
The RFP document can be download
The tender document fee of Rs 2000
refundable) favouring "Director, ITDA
Bid. The parties willing to participat
Tendering Procedure (e-Tendering) a
available on the above mentioned we
The amendments in RFP in f
www.uktenders.gov.in only. No oth
Director ITDA reserves the righ
assigning any reason thereof.



जनता कालेज में आयोजित पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागी एक साथ • स्वयं

# पोस्टर प्रतियोगिता में कीर्ति निबंध में अविनाश रहे अव्वल

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कालेज में कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वाधान में फसल अवशेष और पयार प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों द्वारा पोस्टर, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में कीर्ति एमएससी कृषि तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम, रति दीक्षित बीएससी कृषि तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान तथा पुष्पांजलि बीएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में अविनाश तिवारी बीएससी कृषि तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम, वर्षा बीएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान तथा कोमल बीएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद

**फसल अवशेष प्रबंधन को कराई प्रतियोगिताएं, वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी किया आयोजन**

प्रतियोगिता में सूरज कुमार बीएससी कृषि पंचम सेमेस्टर ने प्रथम, हर्ष शर्मा बी-काम तृतीय वर्ष ने द्वितीय तथा धर्मेंद्र पांडे एमएससी कृषि तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता छात्रों को कालेज के प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने सभी शुभकामनाएं देते हुए ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख वैज्ञानिक डा. विजय बहादुर जायसवाल, डा. एमके सिंह, डा. एमपी यादव, ब्रह्मानंद, डा. मनोज यादव आदि मौजूद थे।

# मास्क लगाकर ही आएंगे छात्र



जनता कॉलेज में कोरोना की जांच छात्र। संवाद

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने छात्रों को कोरोना से बचने के लिए मास्क अनिवार्य करने का निर्देश प्रत्येक कक्षा में दिया। सभी विद्यार्थी विद्यालय में मास्क लगाकर ही आएंगे। वहीं, कॉलेज परिसर में टीकाकरण टीम ने प्रथम तथा दूसरी डोज देकर टीकाकरण करवाया।

कॉलेज परिसर में क्लास रूम के बाहर 100 विद्यार्थियों का तथा शिक्षक-शिक्षणेतर कर्मचारियों का आरटी पीसीआर तथा एंटीजन टेस्ट किया गया। सीएमओ ऑफिस की डॉ. नेहा राजपूत टीम नंबर सात के सदस्य योगेंद्र कुमार, रजत सिंह ने सभी टेस्ट किए। सभी 100 बच्चे निगेटिव पाए गए। महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. गोपीनाथ मौर्य, डॉ. एके पांडे, गजेंद्र सिंह, शिवानी महेश्वरी, पवन सक्सेना, देवेश चतुर्वेदी, शिव नारायण अग्निहोत्री, आकाश तथा मनोज उपस्थित रहे। (संवाद)

**युवक की गुमशुदगी दर्ज :** बेलापुर। थाना क्षेत्र के डिलौलिया गांव के लेखराम का 26 वर्षीय बेटा गुड्डू मनोरोगी है। पिता उसे 17 नवंबर को इलाज के लिए कानपुर ले गए। बेटे का चेकअप कराने के बाद वह डॉक्टर से बात करने लगे। उसी दौरान गुड्डू कहीं चला गया। (संवाद)

# समूह बनाकर विकास करें महिलाएं

## जनता कॉलेज में महिला उद्यमिता व ग्रामीण जुड़ाव पर हुई गोष्ठी

### कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करा रही सरकार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** जनता कॉलेज में मंगलवार को सामाजिक उद्यमिता, स्थिरता और ग्रामीण जुड़ाव विषय पर गोष्ठी हुई। इस दौरान समूह की महिलाओं ने उत्पाद पेश किए।

वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डॉ. गोपीनाथ मौर्या ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाकर विकास के पथ पर आगे आना चाहिए।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद की ओर से हुई गोष्ठी में उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करा रही है। डॉ. योगेश शुक्ला ने छोटे-छोटे लघु उद्योगों को किस प्रकार स्थायित्व प्रदान किया जाए, इस पर चर्चा की।



जनता कॉलेज में हुई गोष्ठी में समूह की महिलाएं व विद्यार्थी। संवाद

ऋण और सब्सिडी किस प्रकार ली जाए, इस बारे में बताया। डॉ. एसके विश्वकर्मा ने जैम, जेली, आचार, मुरब्बा, चिप्स बनाने की विधि समझाई। डॉ. प्रकाश दुबे ने समूह की महिलाओं को अपने उत्पाद का प्रचार- प्रसार कर बिक्री करने पर जोर दिया।

डॉ. पीके राजपूत ने उद्यमिता विकास के बारे में बताया। ग्रामीणों क्षेत्रों की महिलाओं को जोड़ने पर जोर दिया। डॉ. आदित्य कुमार ने दुग्ध उत्पाद छेना, पनीर, घी व खोया बनने का तरीका बताया।

प्राचार्य प्रो. राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहाकि बताया कि समूह की महिलाएं परिवार चलाने के साथ ही छोटी-छोटी बचत करके उत्पादों को बढ़ावा दे रही हैं और घर के खर्चे चला रही हैं। बताया कि 12 नवंबर कॉलेज में संगोष्ठी होगी।

इसमें विद्यार्थियों को बताया जाएगा कि वह कैसे अच्छे उद्यमी बनें। संयोजक डॉ. एम.पी. सिंह ने विचार साझा किए।

करते हुए, क्योंकि हमारी जरा सी भी सिर उठाने का मौका मिल सकता है।



पदक विजेता कैडेट्स के साथ प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी मध्य में • जागरण

# छह पदक पाकर कालेज हुआ गौरवांवित

संवादसूत्र, बकेवर : चार यूपी बटालियन एनसीसी इटावा द्वारा चौधरी चरण सिंह पीजी कालेज हैंवरा में आयोजित एनसीसी कैंप एटीसी 11 में हुई विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में जनता कालेज बकेवर के एनसीसी कैडेट्स ने छह पदक पाकर कालेज को प्रथम स्थान प्रदान कराकर गौरवांवित कराया।

कैंप में चार यूपी बटालियन इटावा के नौ कालेज एवं एक यूपी बटालियन आगरा जनपद के एक कालेज ने प्रतिभाग किया था। कैंप में हुई विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में जनता कालेज के कैडिटों ने सबसे अधिक छह पदक जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया तो मेजवान चौधरी चरण सिंह पीजी कालेज हैंवरा चार पदक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा। औरैया जनपद के तिलक महाविद्यालय ने तीन पदक प्राप्त कर तृतीय स्थान पाया। यह कैंप दस दिन तक चला।

जनता कालेज बकेवर के अंकुश कुमार ने कैंप सीनियर का स्वर्ण पदक, श्वेता एवं प्रतीक्षा तिवारी ने निशानेबाजी में स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त किया। शुभी भदौरिया एवं रोशनी दिवाकर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वर्ण पदक एवं केशव ने रजत पदक पाया। प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने एनसीसी कैडेट्स को उनकी उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देकर उत्साहवर्धन किया। एनसीसी प्रभारी ब्रह्मानंद, डा. एके पाण्डेय, डा. एमपी यादव आदि उपस्थित थे।

# कृषि में छात्राओं ने कॅरिअर बनाने की ठानी

## नौकरी व व्यवसाय की दिख रही हैं संभावनाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। स्नातक स्तर ही नहीं अब माध्यमिक स्तर पर भी छात्राएं खेतीबाड़ी व बागवानी की तकनीक को सीख रही हैं। जनता विद्यालय इंटर कॉलेज के कृषि विभाग में कक्षा 9 से लेकर 12 तक में करीब 100 छात्राएं कृषि से हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कर रही हैं। खेतीबाड़ी और बागवानी के प्रति छात्राओं में रुचि बढ़ी है। कृषि के क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। यही कारण है कि बालिकाएं कृषि से जुड़े क्षेत्र में अपना भविष्य संवारना चाहती हैं।

जनता विद्यालय इंटर कॉलेज में साइंस आर्ट कॉमर्स एग्रीकल्चर विषय भी है। कौन सी फसल कब बोई जाती है, किस फसल से क्या लाभ है, किस फसल में कितनी खाद और कितना बीज डाला जाता है आदि बारीकियों को सीख रहीं हैं। खेती के अलावा बागवानी उद्यान से संबंधित फूल, फलों की जानकारी भी एकत्र कर रही हैं। कृषि विभाग के शिक्षक रमेश चंद बताते हैं कि छात्राएं प्रैक्टिकल भी करती हैं।



कृषि की पढ़ाई के दौरान जनता कॉलेज बकेवर के फार्म में कृषि कार्य करतीं छात्राएं। संवाद

| वर्ष | छात्राओं की संख्या |
|---|---|
| 2019-20 | 10 |
| 2020-21 | 50 |
| 2021-22 | 80 |

### बोलीं छात्राएं



बल्लमपुरा निवासी कक्षा 12 की छात्रा पायल कहतीं हैं कि कृषि में रोजगार की संभावनाएं भी खूब हैं। उनके घर-परिवार में भी कई लोग कृषि कार्यों से जुड़े हुए हैं। आगे चलकर इसमें भविष्य भी बनाया जा सकता है।



बकेवर निवासी कक्षा 12 की छात्रा प्रियंका कहती हैं कि उसे कृषि से पढ़ाई अच्छी लगती है। प्रैक्टिकल भी अच्छे से करतीं हैं। आगे इस क्षेत्र में करियर बनाने के विचार है।



बकेवर निवासी छात्रा गार्गी कहती हैं कि कृषि क्षेत्र में जॉब की काफी संभावनाएं हैं। अब वे कृषि से इंटर करके बी ए स सी करेंगी। कृषि विभाग में किसी अच्छे पद पर नौकरी के लिए प्रयास करेंगी।



बकेवर की शौकिया खान बताती हैं कि वह कृषि विषय से ही पढ़ाई करके अच्छे पद पर जॉब करना चाहती हैं। कृषि विभाग से संबंधित तमाम जॉब निकलती हैं। अन्य विभागों की अपेक्षा कृषि विभाग में ज्यादा संभावनाएं हैं।

# हर्षित को कुलपति स्वर्ण पदक मिला

## छत्रपति शाहूजी महाराज विवि कानपुर में राज्यपाल ने प्रदान किया पदक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर के छात्र हर्षित कुमार त्रिवेदी को बुधवार को कानपुर में आयोजित छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कुलपति स्वर्ण पदक एवं कुलाधिपति कांस्य पदक प्रदान किया गया।

हर्षित ने कानपुर विवि परिक्षेत्र के कृषि संकाय के समस्त महाविद्यालयों में सत्र 2021 में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। हर्षित कुमार लखीमपुर खीरी के मितौली तहसील के मुरासा गांव के रहने वाले हैं। हर्षित के पिता किसान हैं। हर्षित ने हाई स्कूल की परीक्षा भारती इंटर कॉलेज उमरिया सीतापुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इंटरमीडिएट की परीक्षा कृषक इंटर कॉलेज महोली सीतापुर से कृषि विज्ञान वर्ग के टॉपर्स की श्रेणी में उत्तीर्ण किया। इसके बाद जुलाई 2017 में हर्षित ने जनता कॉलेज बकेवर इटावा में बीएससी कृषि में प्रवेश लिया।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से स्वर्ण पदक प्राप्त करते हर्षित। संवाद

हर्षित ने 83.52 अंक प्राप्त करके न केवल जनता कॉलेज में, बल्कि छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के भी टॉपर बने।

हर्षित को पुरस्कृत करने पर जनता कॉलेज बकेवर के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, डॉ. एमपी यादव, डॉ. अशोक कुमार पांडे, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. डीजे मिश्रा, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. संतोष चंदेल, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. ब्रह्मानंद, डॉ. संजीव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# विवि टापर हर्षित व... कुलपति स्वर्ण पदक

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कालेज के छात्र हर्षित त्रिवेदी को विश्वविद्यालय में बीएससी स्नातक में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से कुलपति स्वर्ण पदक एवं कुलाधिपति कांस्य पदक प्राप्त करके हर्षित ने जनता कालेज का नाम रोशन किया।

कृषि संकाय के छात्र हर्षित ने कानपुर विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के कृषि संकाय के समस्त महाविद्यालयों में लगभग 500 से अधिक महाविद्यालयों में सत्र 2021 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करके जनता कालेज बकेवर में ही नहीं बल्कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में टाप किया है।

हर्षित जनपद लखीमपुर खीरी के मितौली तहसील के मुरासा गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता कृषक हैं। हर्षित ने हाईस्कूल की परीक्षा भारती इंटर कालेज उमरिया सीतापुर से विद्यालय में प्रथम स्थान के साथ उत्तीर्ण की थी। इंटरमीडिएट की परीक्षा कृषक इंटर कालेज महोली सीतापुर से कृषि विज्ञान वर्ग के टापर्स की श्रेणी में उत्तीर्ण की। इसके बाद जुलाई 2017 में जनता कालेज बकेवर में बीएससी कृषि में प्रवेश लिया। वह समस्त सेमेस्टर में टाप रहे। 83.52 अंक प्राप्त करके न केवल जनता कालेज बल्कि विश्वविद्यालय के भी टापर बने। हर्षित ने एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर्स रेंजर्स का कोर्स किया है।

**कालेज में हर्ष का माहौल:** छात्र हर्षित को पुरस्कृत किए जाने पर जनता कालेज बकेवर के प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी, डा. एमपी यादव, डा. अशोक कुमार पांडे, डा. एमपी सिंह, डा. डीएन सिंह, डा. डीजे मिश्रा, डा. धर्मेंद्र कुमार, डा. आदित्य कुमार, डा. मनोज कुमार यादव, डा. अभिषेक प्रताप सिंह, डा. संजय विश्वकर्मा, डा. ब्रह्मानंद, डा. संजीव ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

...खीं अव्वल